57वीं वार्षिक रिपोर्ट
57th ANNUAL REPORT
2013 - 2014

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

CURRENT MEMBERS OF THE CORPORATION

श्री एस. के. रॉय, अध्यक्ष
Shri S. K. Roy, Chairman

डॉ. अरविंद मायाराम
Dr. Arvind Mayaram

डॉ. गुरदयाल सिंह संधु
Dr. Gurdial Singh Sandhu

श्री एस. बी. मायनाक
Shri S. B. Mainak

श्री वी. के. शर्मा
Shri V.K. Sharma

श्रीमती ऊषा सांगवान
Smt. Usha Sangwan

श्री ए. के. रॉय
Shri A. K. Roy

श्री अश्वनी कुमार
Shri Ashwani Kumar

श्री अमरदीप सिंह चीमा
Shri A. S. Cheema

श्रीमती मंजरी कक्कड़
Smt. Manjari Kacker

श्री संजय कल्लापूर
Shri Sanjay Kallapur

भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA

नागरिक घोषणा पत्र

हमारा कल्पना दर्शन

अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एक प्रतिस्पर्धी, विशाल वित्तीय समूह, जो विभिन्न समाजों के लिए महत्वपूर्ण हो एवं भारत का गौरव हो।

हमारा लक्ष्य

आकांक्षा के अनुरूप उत्पाद एवं सेवाओं के माध्यम से समुचित लाभ के साथ वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर सभी के जीवन स्तर को निरापद रखना एवं उन्नत करना तथा आर्थिक विकास के लिए संसाधन सुनिश्चित करना।

हमारे मूल्य

अभिरक्षण एवं शिष्टाचार
अभिक्रम एवं नवीनता
सत्यनिष्ठा एवं पारदर्शिता
गुणवत्ता एवं लाभ
सहभागिता एवं संबंध
विश्वसनीयता एवं भरोसा

हमारी संस्कृति

दक्षता
अनुकूलता
सहयोग
प्रतिबद्धता
अनुशासन
अधिकृत करना
संवेदनशीलता
उत्कृष्ठता

CITIZENS' CHARTER

OUR VISION

To transform ourselves into a transnationally competitive financial conglomerate of significance to societies and the Pride of India.

OUR MISSION

To ensure and enhance the quality of life of people through financial security by providing products and services of aspired attributes with competitive returns and by rendering resources for economic development.

OUR VALUES

Caring & Courtesy
Initiatives and Innovation
Integrity and Transparency
Quality and Returns
Participation and Relationship
Trustworthiness and Reliability

OUR CULTURE

Agility
Adaptability
Collaboration
Commitment
Discipline
Empowerment
Sensitivity
Excellence

विषय सूची

		पृष्ठ
1.	आमुख	7
2.	निगम एवं समितियों के सदस्य, निगम के वरिष्ठ प्रशासक, मुख्य बीमांकक एवं क्षेत्रीय सलाहकार बोर्ड एवं बीमाधारक परिषद के सदस्य	7
3.	आर्थिक परिदृश्य	7
4.	जीवन बीमा व्यवसाय पर समष्टि आर्थिक परिवेश का प्रभाव	9
5.	कार्य परिणामः	10
	I) नव व्यवसायः व्यक्तिगत बीमा, सामान्य वार्षिकी, पेंशन, नॉन लिंक हेल्थ, यूनिट लिंक व्यवसाय, समूह बीमा व्यवसाय, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, प्रथम बीमा, ग्रामीण प्रयास,	
	II) विभिन्न क्षेत्रों में चालू व्यवसायः व्यक्तिगत बीमा, सामान्य वार्षिकी, पेंशन, नॉन लिंक हेल्थ, यूनिट लिंक व्यवसाय, समूह बीमा व्यवसाय	
6.	पूंजी मोचन तथा निश्चित वार्षिकी व्यवसाय	11
7.	पॉलिसियों के सांविधिक विवरण	11
8.	संगठनजन्य ढांचा	11
9.	जीवन निधि, अधिशेष तथा प्रदत्त कर	12
10.	निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व : समूह योजनाएं एवं सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक क्षेत्र में निवेश एवं एल आई सी गोल्डन ज्यूबली फाऊंडेशन	12
11.	विपणन गतिविधियां : विभिन्न चैनलों द्वारा 2013–14 में किया गया नव व्यवसाय, बैंकएश्योरेन्स एवं वैकल्पिक चैनल्स, प्रत्यक्ष विपणन, स्वास्थ्य बीमा सूक्ष्म बीमा, उत्पाद विकास और वरिष्ठ व्यवसाय सहयोगी (एसबीए)	13
12.	अभिकर्ता : अभिकर्ताओं की संख्या, अभिकर्ता क्लब सदस्यता, वृत्तिक अभिकर्ताओं की योजना, मुख्य जीवन बीमा सलाहकार योजना एवं प्राधिकृत अभिकर्ता	15
13.	विदेशी प्रचालन : विदेशी शाखाएं, विदेशी संयुक्त कंपनी, विदेशी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी	16
14.	ग्राहक संबंध प्रबधंन : दावों का निबटारा, वैकल्पिक जरियों से प्रीमियम भुगतान, ग्राहकों की शिकायत का निबटारा,	16
15.	निगमित संप्रेषण	19
16.	सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005	20
17.	कार्मिक/कर्मचारी संबंध कर्मचारियों की संख्या, कर्मचारी संबंध, महिलाओं का सशक्तिकरण, आरक्षण : राष्ट्रीय नीति का अनुपालन, अभिकर्ताओं को आवासीय ऋण, कार्यालय सेवा, खेलकूद	21
18.	मानव संसाधन विकास/संगठन विकास/प्रशिक्षण गतिविधियॉ	23
19.	प्रबन्ध विकास केन्द्र	25
20.	राजभाषा कार्यान्वयन	25
21.	अभियांत्रिकी कार्यकलाप	25
22.	सम्पदा/सामरिक व्यवसाय ईकाई – सम्पदा	26
23.	सूचना प्रौद्योगिकी	26

		पृष्ठ
24.	आंतरिक लेखा परीक्षण	27
25.	निरीक्षण	28
26.	बीमालेखन एवं पुनर्बीमा	28
27.	सतर्कता	28
28.	नामित निदेशक	28
29.	जोखिम प्रबन्धन	28
30.	कॉर्पोरेट अभिशासन	29
31.	बोर्ड की बैठकें	29
32.	केन्द्रीय प्रबंधन समिति	29
33.	क्षेत्रीय सलाहकार बोर्ड	29
34.	पॉलिसीधारक परिषद	29
35.	जीवन बीमा निगम अधिनियम के अंतर्गत निर्देश	29
36.	लेखा परीक्षक	29
37.	वित्तीय वर्ष 2014–2015 के लिए योजना	29
38.	विविध गतिविधियां :	30
	एलआईसी हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड, एलआईसीएचएफएल केयर होम्स लिमिटेड, एलआईसी नोमुरा म्यूच्युअल फण्ड एसेट मैनेजमेंट कंपनी लि., एलआईसी पेंशन फण्ड लिमिटेड, एलआईसी कार्ड सर्विसेज लिमिटेड	
39.	आभार प्रदर्शन	32
	परिणामों का सारांश	33
	सारणी	37
परिशिष्ट – I		50
	निगम एवं विभिन्न समितियों के सदस्य, निगम के वरिष्ठ प्रशासक एवं नियुक्त बीमाकंक, क्षेत्रीय सलाहकार बोर्ड एवं बीमाधारी परिषद के सदस्यगण	
परिशिष्ट – II		61
	सांविधिक (केन्द्रीय) लेखा परीक्षक	
लेखा :		120
	लेखा परीक्षकों की रिपोर्ट	
	जीवन व्यवसाय :	
	वित्तीय विवरण (खण्डीय)	
	तुलन–पत्र : भारत एवं भारत के बाहर संबद्ध एवं असंबद्ध व्यवसाय से संबंधित	124
	राजस्व लेखा : भारत एवं भारत के बाहर संबद्ध एवं असंबद्ध व्यवसाय से संबंधित (सहभागी एवं गैरसहभागी)	126
	लाभ–हानि खाता : भारत एवं भारत के बाहर संबद्ध एवं असंबद्ध व्यवसाय से संबंधित	130
	अनुसूचियां जो वित्तीय विवरणों के अंगभूत हैं (अनुसूचियां 1 से 15 तक)	132
	वित्तीय विवरणों का सारांश	196
	अनुपात	198
	नियंत्रित निधि की संगणना	200
	प्राप्ति एवं भुगतान लेखा (नकद प्रवाह विवरण)	204
	पूंजी मोचन (निर्धारित सहित) बीमा व्यवसाय :	
	तुलन पत्र	206
	राजस्व लेखा	208
	लाभ हानि लेखा	210
	अनुसूचियां जो वित्तीय विवरणों के अंगभूत हैं (अनुसूचियां 1 से 4,6,8 और 11 से 14 तक)	212
	प्रबंधन रिपोर्ट	221

INDEX

		Page
1.	**PREAMBLE**	63
2.	**MEMBERS OF THE CORPORATION, VARIOUS COMMITTEES, SENIOR EXECUTIVES AND APPOINTED ACTUARY, MEMBERS OF ZONAL ADVISORY BOARD AND POLICYHOLDERS' COUNCIL**	63
3.	**ECONOMIC SCENARIO**	63
4.	**MACRO ECONOMIC FACTORS THAT AFFECTED LIFE INSURANCE BUSINESS**	65
5.	**WORKING RESULTS** I. **New Business -** Individual Assurance, General Annuities, Pensions, Non Linked Health, Unit Linked Business, Group Insurance Business, Social Security Schemes, First Insurance and Rural Thrust II. **Business in Force in Various Segments** — Individual Assurance, General Annuities, Pensions, Non Linked Health, Unit Linked Business and Group Insurance Business	66
6.	**CAPITAL REDEMPTION AND ANNUITY CERTAIN BUSINESS**	67
7.	**STATUTORY STATEMENTS REGARDING POLICIES**	67
8.	**ORGANISATIONAL SET UP**	67
9.	**LIFE FUND, SURPLUS AND TAXES PAID**	68
10.	**CORPORATE SOCIAL RESPONSIBILITY** Group Schemes and Social Security, Investment in Social Sector and LIC Golden Jubilee Foundation	68
11.	**MARKETING ACTIVITIES** New Business procured during 2013-14 Channel wise, Bancassurance & Alternate Channels, Direct Marketing, Health Insurance, Micro Insurance, Product Development and Senior Business Associates.	69
12.	**AGENTS** Agency Strength, Agent's Club Membership, Career Agents Scheme, Chief Life Insurance Advisor Scheme, 2008 and Authorised Agents	71
13.	**OVERSEAS OPERATIONS** Foreign Branches, Foreign Joint Venture Companies and Foreign Wholly Owned Subsidiary	72
14.	**CUSTOMER RELATIONSHIP MANAGEMENT** Settlement of Claims, Alternate Channels of premium payments, Customer's Grievances Redressal, IVRS, Customer Zones, Annuity Payments and Policy Payments through NEFT	72
15.	**CORPORATE COMMUNICATION**	75
16.	**RIGHT TO INFORMATION ACT, 2005**	76
17.	**PERSONNEL & EMPLOYEE RELATIONS** Staff Strength, Employee Relations, Empowerment of Women, Reservation National Policy Implementation, Housing Loan to Agents, Office Services and Sports	77
18.	**HUMAN RESOURCES DEVELOPMENT / ORGANISATIONAL DEVELOPMENT (HRD/OD) & TRAINING ACTIVITIES**	79
19.	**MANAGEMENT DEVELOPMENT CENTRE**	81
20.	**OFFICIAL LANGUAGE IMPLEMENTATION**	81
21.	**ENGINEERING ACTIVITIES**	81
22.	**STRATEGIC BUSINESS UNIT - ESTATES**	82
23.	**INFORMATION TECHNOLOGY**	82

		Page
24.	INTERNAL AUDIT	83
25.	INSPECTION	84
26.	UNDERWRITING AND REINSURANCE	84
27.	VIGILANCE	84
28.	NOMINEE DIRECTORS	84
29.	RISK MANAGEMENT	84
30.	CORPORATE GOVERNANCE	85
31.	BOARD MEETINGS	85
32.	CENTRAL MANAGEMENT COMMITTEE (CMC)	85
33.	ZONAL ADVISORY BOARD (ZAB)	85
34.	POLICYHOLDERS' COUNCIL (PHC)	85
35.	DIRECTION AS PER LIC ACT	85
36.	AUDITORS	85
37.	BUSINESS PLANS FOR 2014-15	85
38.	DIVERSIFIED ACTIVITIES LIC Housing Finance Ltd., LICHFL Care Homes Ltd., LIC Nomura Mutual Fund Asset Management Company Ltd., LIC Pension Fund Ltd. and LIC Cards Services Ltd.	86
39.	ACKNOWLEDGEMENT	88
	SUMMARISED RESULTS	89
	TABLES	93
APPENDIX - I	Members of the Corporation, Various Committees, Senior Executives and Appointed Actuary, Members of Zonal Advisory Boards and Policyholders' Council.	106
APPENDIX - II	Statutory (Central) Auditors	116
ACCOUNTS	Auditor's Report	121
LIFE BUSINESS		
	Financial Statement (Segmental)	
	Balance Sheet-Non Linked and Linked in respect of Business in India and Out of India.	124
	Revenue Account-Non Linked and Linked in respect of Business in India and Out of India (Participating and Non Participating)	126
	Profit and Loss Account- Non Linked and Linked in respect of Business in India and Out of India	130
	Schedules forming a part of the Financial Statements (Schedules 1 to 15)	132
	Summary of Financial Statements	196
	Ratios	198
	Computation of Controlled Fund	200
	Receipt and Payment Account (Cash Flow Statement)	204
CAPITAL REDEMPTION (INCLUDING ANNUITY CERTAIN) INSURANCE BUSINESS		
	Balance Sheet	206
	Revenue Account	208
	Profit & Loss Account	210
	Schedules forming part of the Financial Statements (Schedules 1 to 4, 6, 8 & 11 to 14)	212
	Management Report	221

1. आमुख :

भारतीय जीवन बीमा निगम को 31.03.2014 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 की धारा 27 के अन्तर्गत अपनी 57 वी वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने में हर्ष हो रहा है ।

2. निगम एवं समितियों के सदस्य:

निगम के सदस्यों तथा वर्ष के दौरान इसकी विभिन समितियों के सदस्यों के नाम, निगम के वरिष्ठ प्रशासक, मुख्य बीमांकक, क्षेत्रीय सलाहकार बोर्ड एवं पालिसीधारक परिषद के नाम परिशिष्ट I (पृष्ठ संख्या 50 से 60 तक) में हैं ।

3. आर्थिक परिदृश्य :

वृहद आर्थिक स्तर पर वर्ष 2013-14 में भारतीय अर्थव्यवस्था ने बड़ी चुनौतियों का सामना किया, जिनमें असमर्थनकारी वैश्विक वातावरण, घरेलू संरचनात्मक बाधाएं, वृद्धि की धीमी गति और मुद्रास्फीति संबंधी दबाव शामिल हैं।

घरेलू खपत की मांग और निवेश की गतिविधि मंद रही, जिससे यह संकेत मिलता है कि आर्थिक वृद्धि, निरंतर दूसरे वर्ष भी 5% से नीचे रहेगी। भारत में वृद्धि की धीमी गति, व्यापकतौर पर इसी प्रकार की उभरती अर्थव्यवस्थाओं में देखी गई प्रवृत्तियों के अनुरूप है। तथापि, सरकार, वित्तीय घाटे को, वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य के निकट बनाए रखने में समर्थ रही।

थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की सहजता के बावजूद, मुद्रास्फीति का स्तर विशेष रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के हिसाब से ऊंचा रहा। मुद्रास्फीति, भारतीय रिजर्व बैंक के उचित माने जाने वाले स्तरों से अभी भी ऊपर है। इससे निकट भविष्य में मौद्रिक सहजता में बाधा होने की संभावना है।

बाह्य स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। सोने के आयात में तीव्र कमी, निर्यात की बढ़ोतरी में तीव्रता और आयात में कमी के परिणामस्वरूप चालू खाता घाटे (सीएडी) में जीडीपी के प्रतिशत के रूप में तेजी से कमी आई है। विदेशी प्रत्यक्ष निवेश और बाह्य वाणिज्यिक उधारों द्वारा निवेश के सुदृढ़ अंतर्वाह ने बाह्य वित्तपोषण स्थितियों को ठीक रखा और विदेशी भंडारों में वृद्धि करने में सहायता की।

(क) सकल घरेलू उत्पाद : (जी.डी.पी.)

जीडीपी (2004-2005 कीमतों पर), वर्ष 2013-14 में अब 57,41,791* करोड़ रुपए आंकी गई है, जो एक स्वस्थ कृषि कार्य-निष्पादन के कारण पिछले वित्तीय वर्ष की विकास-दर 4.5% की तुलना में 4.7% की विकास-दर दिखाने का अनुमान है।

कृषि, वानिकी एवं मत्स्य उद्योग में पिछले वित्तीय वर्ष के 1.4% की तुलना में, वर्तमान वर्ष में वृद्धि 4.7% है। उद्योगों में विकास की दर वर्ष 2012-13 में 1.0% की तुलना में सिर्फ 0.4% है। सेवाओं के क्षेत्र में विकास दर में मामूली कमी हुई, जो 7% से घटकर 6.8% हो गई है। औद्योगिक उत्पादन के सामान्य सूचकांक (आईआईपी) में 2012-13 में 1.1% की सामान्य वृद्धि की तुलना में 0.1% की नकारात्मक वृद्धि हुई थी।

व्यय की दृष्टि से, सरकारी और निजी क्षेत्र दोनों में पिछले वर्षों की तुलना में उपभोग, जीडीपीके प्रतिशत रूप में थोड़ा नीचे आया, जो 60.1% से 60.0% हो गया जबकि सकल नियत पूंजी के निर्माण में थोड़ी गिरावट आई है, जो वर्तमान मूल्यों पर पिछले वित्तीय वर्ष में जीडीपी के 33.9% से घटकर 32.3% हो गया।

(ख) सकल घरेलू बचत : (जी.डी.एस.)

सकल घरेलू बचतें वर्तमान मूल्यों पर प्रथम संशोधित प्राक्कलन के अनुसार वर्ष 2012-13 में 30,43,474 करोड़ रुपए थी। (जीडीएस के आंकड़े एक साल के अंतराल के साथ उपलब्ध होते हैं।)

जीडीपी की तुलना में क्षेत्र-वार सकल घरेलू बचत

वर्ष	घरेलू क्षेत्र की बचतें			निजी कंपनी क्षेत्र	सार्वजनिक क्षेत्र	सकल घरेलू बचत
	वित्तीय बचत	भौतिक बचत	कुल			
2012-13	7.1%	14.8%	21.9%	7.1%	1.2%	30.1%
2011-12	7.0%	15.8%	22.8%	7.3%	1.2%	31.3%

कुल वित्तीय परिसंपत्तियों के परिवर्तन में, भारतीय बीमा निगम एंव निजी बीमा कंपनियों की जीवन बीमा निधि में परिवर्तन की हिस्सेदारी, बैंक में जमा राशि में परिवर्तन की हिस्सेदारी निम्नानुसार है – (भारतीय रिजर्व बैंक कें वार्षिक रिर्पोट 2013-14 के अनुरुप)

अरबों रुपए में					
वर्ष	वित्तीय परिसंपत्तियों में कुल परिवर्तन	जीवन बीमा निधि में परिवर्तन	शेयर का %	बैंक में जमा राशि में परिवर्तन	शेयर का %
2013-14	11,741	1,943	16.55%	6,908	58.84%
2012-13	10,437	1,800	17.25%	5,906	56.59%

(ग) वित्तीय स्थिति :

सकल वित्तीय घाटा, सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में नीचे दिया है।

वर्ष	केंद्र और राज्य सरकारों का संयुक्त	केंद्र सरकार
2014-15 *	6.4%	4.1%
2013-14 #	7.0%	4.5%
2012-13	6.8%	4.6%

* बजट अनुमान # अनंतिम

केंद्र और राज्य सरकारों का संयुक्त कर-राजस्व वर्ष 2013-14 में 17.19% बढ़कर 19,91,995 करोड़ रुपए रहा, जिसमें प्रत्यक्ष कर 17.40% से बढ़कर 7,73,666 करोड़ रुपए और अप्रत्यक्ष कर 17.06% से बढकर 12,18,329 करोड़ रुपए हो गया। जबकि केंद्र सरकार का सकल राजस्व 19.10% से बढकर 12,31,070 करोड़ रुपए हुआ, वहीं राज्य सरकार का सकल राजस्व 14.24% से बढकर 7,60,925 करोड़ रुपए हुआ।

केंद्र और राज्य सरकारों का संयुक्त विकास खर्च, गैर-विकास और अन्य खर्च 17.27% बढ़कर 36,55,506 करोड़ रुपए हुआ जबकि विकास व्यय 14.85% बढ़कर 21,08,656 करोड़ रुपए हुआ, वहीं गैर-विकास व्यय 20.73% बढ़कर 15,46,850 करोड़ रुपए हुआ।

(घ) मौद्रिक दशा :

भारतीय रिजर्व बैंक (आर.बी.आई.) ने पूरे वर्ष मुद्रास्फीति के नियंत्रण पर अपना ध्यान केंद्रित रखा। भारतीय रिजर्व बैंक ने 03 मई, 2013 से रेपो-रेट 7.50% से घटाकर 7.25% कर दिया। तथापि बाद में मुद्रास्फीति पर नियंत्रण रखने के अपने प्रयास में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो रेट्स में तीन बार 7.25% से बढ़ाकर 8.00% कर दिया। बैंक दर में 8.25% से 10.25% की रेंज में 6 बार परिवर्तन किया गया। इस वित्तीय वर्ष में भारतीय रिजर्व बैंक ने एसएलआर और सीआरआर को नहीं छुआ, जो क्रमश: 23% और 4% पर ही बने रहे।

(ङ) मुद्रास्फीति :

वर्ष 2013-14 में मुद्रास्फीति का दबाव ऊंचा बना रहा, हालांकि यह पिछले एक वर्ष की तुलना में निचले स्तर पर रहा। थोक मूल्य सूचकांक (डबल्यूपीआई), वार्षिक आधार पर वर्ष 2011-12 में 8.94% और वर्ष 2012-13 में 7.35% से घटकर वर्ष 2013-14 में 5.96% तक आया।

इस वर्ष के दौरान, थोक मूल्य सूचकांक 4.58% से लेकर 7.52% की सीमा में रहा। वर्ष 2013-14 के लिए औसत मासिक थोक मूल्य सूचकांक 5.98% था। प्राथमिक वस्तुओं में 9.8% की, ईंधन और विद्युत में 10.14% की, निर्मित उत्पादों में 2.99% की और खाद्यान की वस्तुओं में 12.74% की वृद्धि रही।

हालंकि, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक संयुक्त रूप में 8.03% (फरवरी, 2014) से 11.16% (नवंबर, 2013) तक की सीमा में रहा।

(च) प्रतिभूति और ऋण बाजार :

कॉल-मनी दरों का मासिक भारित औसत अप्रैल, 2013 से मार्च, 2014 के दौरान 7.24% से लेकर 9.97% की सीमा में रहा। इस वर्ष के लिए भारित औसत 8.28% रहा।

प्रतिभूति बाजार पूंजीकरण में अगस्त, 2013 तक मंदी का रुख दिखाई दिया और फिर इसमें उछाल आया। बम्बई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) में प्रतिभूति बाजार पूंजीकरण अप्रैल, 2013 के आरंभ में 64,27,596 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च, 2014 में 74,15,296 करोड़ रुपए हो गया। बाजार पूंजीकरण अगस्त, 2013 में 58,60,022 करोड़ रुपए के न्यूनतम स्तर पर और मार्च, 2014 में 74,15,296 करोड़ रुपए के सर्वोच्च स्तर पर रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में बाजार पूंजीकरण, अप्रैल, 2013 के 62,78,763 करोड़ रुपए से बढ़कर मार्च, 2014 में 72,77,720 करोड़ रुपए हो गया।

वर्ष 2013 -14 की जीडीपी के अनुपात में मार्केट-कैप, दोनों सेंसेक्सों और निफ्टी में बढकर क्रमश: 63.2% से 65.3% और 61.7% से 64.1% हुआ। गैर-सरकारी पब्लिक लिमिटेड कंपनियों के नए कैपिटल इश्यू 48 से बढ़कर 53 पर हो गए। तथापि, जुटाई गई धनराशि, पिछले वित्तीय वर्ष के 13,885 करोड़ रुपए की तुलना में काफी कम होकर 5,812 करोड़ रुपए रही। वर्ष के दौरान म्यूचुअल फंड का निवल अंतर्प्रवाह 53,783 करोड़ रुपए रहा। एनबीएफसी सेक्टर की सकल जमा राशि भी 10,902 करोड़ रुपए से बढ़कर 14,390 करोड़ रुपए हुई। प्राइवेट प्लेसमेंट से जुटाए संसाधन में वृद्धि दिखाई दी, जो 3,30,204 करोड़ रुपए से बढ़कर 3,89,922 करोड़ रुपए हो गई।

(छ) वैश्विक परिवेश :

वर्ष 2013 के दौरान वैश्विक विकास मंद रहा। परंतु वर्ष के अंत तक वैश्विक आर्थिक क्रियाकलापों में कुछ दृढ़ता देखी गई और आगामी वर्ष में और सुधार होने की संभावना है।

उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में जापान में विकास दर में वृद्धि हुई और अन्य उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में सुधार हुआ जबकि अमेरीकी क्षेत्र में यह संकुचित रही। यूरो क्षेत्र में विकास, गति पकड़ने के लिए संघर्ष कर रही है। इस अवधि में अधिकांश उभरती हुई एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर में गिरावट रही। विश्व उत्पादन के वृद्धि की दर, वर्ष 2012 में 3.2% की तुलना में, वर्ष 2013 में गिरकर 3.0% रह गया। कुल मिलाकर, विकसित अर्थव्यवस्थाओं की विकास दर 1.4% से गिरकर 1.3% पर आ गया जबकि उभरती हुई एवं विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में भी यह वर्ष 2012 में 5.0% की तुलना में वर्ष 2013 में गिर कर 4.7% पर आ गया। विश्व व्यापार में, पिछले वर्ष की 2.3% वृद्धि की तुलना में वर्ष 2013 में 2.1% की वृद्धि हुई।